WHEREAS we the obligors have been granted by the Government a letter of permission to develop, operate or maintain _____special economic zone on the terms and conditions stipulated in the letter of permission number _____dated_____and we the obligors have duly accepted the said terms and conditions.

AND WHEREAS the Assistant Commissioner of Customs or Deputy Commissioner of Customs of _____special economic zone has licensed the premises at .....as warehouse under section 58 of the Customs Act, 1962, wherein the dutiable goods, imported or sourced indigenously or sourced from other export oriented undertaking, software technology park units or electronic hardware technology park unit or special economic zone unit in the same zone or other special economic zone by us from time to time for the purposes of carrying our authorised operations in terms of Letter of Permission, could be deposited for a period of six months or such extended period as may be extended by the Assistant Commissioner of Customs or Deputy Commissioner of Customs, without payment of duty.

AND WHEREAS the said Assistant Commissioner of Customs or Deputy Commissioner of Customs has permitted the obligor to clear duty free imported goods from ports or airports or inland container depots or specified land custom

stations or customs warehouses or international exhibition held in India, as the case may be, for admission into the special economic zone.

AND WHEREAS the Assistant Commissioner of Customs or Deputy Commissioner of Customs has permitted the obligor to remove the goods imported or sourced domestically to the any other place in India without payment of duty subject to such conditions and limitations as may be specified by him for the purpose of test, repairs, calibration, re-engineering, re-conditioning and to be returned to the special economic zone thereafter.

AND WHEREAS the Assistant Commissioner of Customs or Deputy Commissioner of Customs has permitted provisional assessment of goods brought into the special economic zone or manufactured by the above Obligors from time to time which could not be finalised for want of full information as regard to value description or quality or the proof thereof or for the non-completion of the chemical or other tests in respect thereof or otherwise as per request of the obligor.

AND WHEREAS the Assistant Commissioner of Customs or Deputy Commissioner of Customs or such other delegated authority as the case may be has required the obligor to deposit as security for the amount of this bond, the sum of Rs.....(Rupees.....only) endorsed in favour of the President of India and accepted for and on behalf of the President of India by the Commissioner, Deputy Commissioner, Assistant Commissioner, Superintendent of Customs, namely_____and whereas the obligor has furnished such guarantee by depositing the cash or securities as aforesaid.

NOW THE CONDITIONS OF THE ABOVE WRITTEN BOND ARE THAT:

1. We, the obligors, shall observe all the provisions of the Customs Act, 1962 and the rules and regulations made thereunder in respect of the said goods.

2. We, the obligors, shall pay on or before a date specified in a notice of demand all duties, rent and charges claimable on account of the said goods under the Customs Act, 1962 and rules or regulations made thereunder together with interest on the same from the date so specified at the rate applicable.

3. We, the obligors, shall discharge all duties and penalties imposed for violation of the provisions of the Customs Act, 1962, rules and regulations in respect of the said goods not removed within five years from the date of the order permitting the deposit of the said goods at the said unit, and also pay interest at a rate applicable from the expiry of the above said period till the date of the clearance of the goods.

4. We, the obligors, shall furnish to the Assistant Commissioner of Customs or Deputy Commissioner of Customs as the case may be, at port or airport or inland container depot or land customs station or a warehouse evidence to his satisfaction with a period of forty five days from the date of despatch from any warehouse or unit that the said goods have duly arrived at the unit in the special economic zone.

5. We, the obligors, shall be wholly and solely responsible for ensuring that there shall be no pilferage during transit of the said goods when dispatched from the place of import, the factory of manufacture or from the warehouse to the special economic zone and vice versa and we, the obligors, shall pay the duty on pilfered goods, if any.

6. We, the obligors, shall maintain detailed accounts of all goods imported, procured from domestic tariff area, consumed and utilised in proper from including of those remaining in stock and those sent temporarily outside the special economic zone in the domestic tariff area under our obligation, and shall produce such accounts for inspection of the proper officer or Assistant Commissioner of Customs or Deputy Commissioner of Customs or such other delegated authority as the case may be, when directed by him.

7. We, the obligor, shall fulfill other conditions stipulated in the Customs Act, Rules and Regulations, and Export and Import Policy as amended from time to time.

8. We, the obligors, shall comply with the conditions and limitations stipulated, in the Export and Import Policy as amended from time to time or by the Assistant Commissioner of Customs or Deputy Commissioner of Custom permitting the goods admitted in the unit in the special economic zone or the articles manufactured or package therefrom to be taken outside the special economic zone unit into domestic tariff area temporarily, without payment of duty, for the purposes of testing, repairs, reconditioning, processing or display etc.

9. We, the obligors, shall not change the name and style under which we, the obligors, are doing business or change the location of the manufacturing premises except with the written permission of the Assistant Commissioner of Customs or Deputy Commissioner of Customs at____ special economic zone.

If each and every one of the above conditions is duly complied with by us, the obligors, the above written bond shall be void and of no effect, otherwise the same shall remain in full force and effect and virtue.

It is hereby declared by us, the obligors, and the Government as follows –

1. the above written bond is given for the performance of an act in which the public are interested.
2. the Government through the Commissioner of Customs or any other officer of Customs recover the sums due from the obligors in the manner laid down in sub-section (1) of section 142 of the Customs Act, 1962.

Provided always that the liability of the surety hereunder shall not be impaired or discharged by reason of any time being granted or any forbearance, act or omission of the Government (whether with or without the knowledge or the consent of the surety) in respect of or in relation, to the obligation and condition to be performed or discharged by the obligor(s) nor shall it be necessary to sue the obligor(s) before suing the surety for amounts hereunder.

AND the President of India shall, at his option, be competent to make good all the loss and damages from the amount of the security deposit or by endorsing his rights under the above written bond or both;

I/WE further declare that this bond is given under the orders of the Central Government in the performance of an act in which the public are interested;

In these presents the words imposing singular only shall also include the plural and vice versa where the context so requires;

IN WITNESS WHEREOF these presents have been signed this day.....of.....20__ hereinbefore written by the obligor(s) and the surety (ies).

Place

Date

Signature of the Obligor

Name and Residential address

Witness (1) Address (1) Occupation (1)

(2) Address (2) Occupation (2)

Signature of the Surety

Name and Residential address

Witness (1) Address (1) Occupation (1)

(2) Address (2) Occupation (2)

Accepted for and on behalf of the President of India on _____ day of ____ 20_____.

Signature and date

Name_____

Designation_____

ACCEPTED for and on behalf of the President of India on .....day of .....20.....

[F. No. 314/24/2001-FTT]

D.S. GARBYAL, Under Secy.

अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 जुलाई, 2003

सं॰ 53/2003-सीमा शुल्क (गै॰ टै॰)

सा॰का॰नि॰ 571(अ).—सीमा शुल्क अधिनियम,1962(1962 का 52) की धारा 76 ग की उपधारा (2) के साथ पठित धारा 157 की उप-धारा(I) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बोर्ड एतदद्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात :-

1. संक्षिप्त शीर्षक, सीमा और प्रारम्भ :-

(1) इन विनियमों को विशेष आर्थिक जोन (सीमा शुल्क प्रक्रिया) विनियम, 2003 कहा जाए ।
(2) ये सम्पूर्ण भारत में लागू है ।
(3) ये पंद्रह अगस्त, 2003 से लागू होंगे ।

2. परिभाषाएं :- इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो,
(क)" अधिनियम" का तात्पर्य सीमाशुल्क अधिनियम 1962,(1952 का 52) है ;

(ख) " बोर्ड" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 2 के अंतर्गत परिभाषित बोर्ड से है ;

(ग) "अनुमोदन का बोर्ड " से तात्पर्य वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर सरकारी राजपत्र में यथा अधिसूचित निर्यातोन्मुखी इकाई और विशेष आर्थिक जोन इकाइयों के लिए संयुक्त अनुमोदन बोर्ड है ;

(घ) " अभिरक्षक" से तात्पर्य सीमा शुल्क क्षेत्र में उतारे गए आयातित माल की अभिरक्षा के लिए अधिनियम की धारा 45 के अंतर्गत सीमा शुल्क आयुक्त द्वारा अनुमोदित किसी व्यक्ति से है ;

(ड.) " विकास आयुक्त" का तात्पर्य संबंधित विशेष आर्थिक जोन के विकास आयुक्त से है ;

(च) " विकासक" से तात्पर्य विशेष आर्थिक जोन के विकास अथवा संचालन अथवा रख रखाव अथवा सीमा शुल्क आयुक्त द्वारा यथावत अनुमति प्राप्त करके विशेष आर्थिक जोन के भीतर जन उपयोगी सेवाएं प्रदान करने में लगा कोई व्यक्ति और इसमें कोई भी ऐसा अन्य व्यक्ति शामिल है जिसे ऐसे प्रयोजन के लिए ऐसे विकासक द्वारा प्राधिकृत किया गया हो ;

(छ)" निर्यात एवं आयात नीति" से तात्पर्य विदेश व्यापार (विकास एवं विनियम) अधिनियम,1992 (1992 का 22) की धारा 5 के अंतर्गत वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में भारत सरकार द्वारा सरकारी राजपत्र में समय-समय पर अधिसूचित निर्यात एवं आयात नीति से है ;

(ज) "निर्यातोन्मुखी उपक्रम" से तात्पर्य ऐसे उपक्रम से है जिसे अनुमोदित बोर्ड द्वारा शत प्रतिशत निर्यातोन्मुखी उपक्रम के रुप में अनुमोदित किया गया है ;

(झ)" इलैक्ट्रोनिक हार्डवेयर टेक्नॉलॉजी पार्क " से तात्पर्य वाणिज्य मंत्रालय में भारत सरकार द्वारा अधिसूचित और उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग)में भारत सरकार की अधिसूचना के तहत नियुक्त अंतर मंत्रालयीय स्थायी समिति द्वारा अनुमोदित " इलैक्ट्रोनिक हार्डवेयर टेक्नॉलॉजी पार्क योजना" से है ;

(ञ) " विनिर्माता निर्यातक" का वही अर्थ होगा जैसा कि निर्यात एवं आयात नीति में परिभाषित किया गया है ।

(ट) " अधिसूचित एजेंसियों " से तात्पर्य धातु एवं खनिज व्यापार निगम लि., हस्तशिल्प एवं हस्तकरघा निर्यात निगम, राज्य व्यापार निगम, भारत परियोजना एवं उपकरण लि. और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य एजेन्सी से है ;

(ठ)" स्वत: प्रमाणन" से तात्पर्य जोन इकाई द्वारा निर्यात के अंतर्गत कंटेनर को सील करने अथवा माल को पैक करने के संबंध में दिए गए प्रमाणन से है और इसमें कंटेनर अथवा पैकेज के सामान और सील करने के संबंध में दिया गया प्रमाण-पत्र शामिल है जिसे मालिक, कार्य सहयोगी, उक्त इकाई के प्रबंध निदेशक अथवा कंपनी सचिव अथवा कोई व्यक्ति(जो ऐसी जोन इकाई में उच्च स्थान रखता हो, ऐसे मालिक, वर्किंग पाटनर अथवा ऐसी इकाई के निदेशकों के बोर्ड द्वारा, जैसा भी मामला हो, प्राधिकृत किया गया हो) द्वारा शिपिंग बिल की प्रतियों पर दिया गया हो, जिससे पता चलता है कि निर्यात के अंतर्गत माल के संबंध में ऐसे पैकेज अथवा कंटेनर को उसकी उपस्थिति में सील किया गया है ;

(ड) " सॉफ्टवेयर टैक्नॉलॉजी पार्क योजना " का तात्पर्य वाणिज्य मंत्रालय में भारत सरकार द्वारा अधिसूचित और उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) में भारत सरकार की अधिसूचना द्वारा नियुक्त अंतर मंत्रालयीय स्थायी समिति द्वारा अनुमोदित सॉफ्टवेयर टेक्नालॉजी पार्क योजना से है ;

(ढ) " प्रतिष्ठा धारक" का वही अर्थ होगा जैसा कि निर्यात एवं आयात नीति में परिभाषित किया गया है ;

(ण) "ज़ोन" से तात्पर्य अधिनियम की धारा 76 क के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट विशेष आर्थिक जोन से है ;

(त) " जोन इकाई" से तात्पर्य केवल प्राधिकृत संकार्य करने के लिए जोन के संसाधन क्षेत्र में स्थापित कारोबार संगठन की विशेष आर्थिक जोन इकाई से है ;

(थ) शब्द और अभिव्यक्तियां जिन्हें इसमें प्रयुक्त किया गया है परंतु परिभाषित नहीं किया गया है, परंतु उसके अंतर्गत बनाए गए अधिनियम और नियमों में परिभाषित किया गया है, का वही अर्थ होगा जो उन्हें अधिनियम अथवा नियमों में उनको क्रमश: दिया गया है ।

3. जोन में इकाई को स्थापित करना-(1) एक जोन इकाई को प्राधिकृत संकार्यों को करने के प्रयोजनार्थ स्थापित किया जा सकता है ।

(2) जोन इकाई को स्थापित करने के लिए अनुमति पत्र विकास आयुक्त द्वारा जारी किया जाएगा ।

(3) दो या उससे अधिक जोन इकाइयां उसी परिसरों से संचालन नहीं करेंगी ।

4. जोन इकाई द्वारा माल का आयात :-

(1)अपने प्राधिकृत संकार्य करने के लिए अपेक्षित अथवा इकाई को स्थपित करने के प्रयोजनार्थ जोन इकाई निम्न के जरिए माल का आयात कर सकती है ।

(क) पत्तन अथवा विमानपत्तन ;
(ख) भू-सीमा शुल्क गृह ;
(ग) अंतर्देशीय आधान डिपो ;
(घ) विदेशी डाक घर ;
(ड) प्राधिकृत कूरियर ;

(2) माल को सार्वजनिक रुप से बांडिड भांडागारों अथवा निजी बांडिड भांडागार अथवा भारत में हुई अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी से भी प्राप्त किया जा सकता है ।

(3) सॉफटवेयर के मामले में, डाटा कम्यूनिकेशन लिंक, इंटरनेट, ई-मेल अथवा अन्य किसी इलैक्ट्रोनिक मोड के जरिए भी आयातों की अनुमति दी जानी चाहिए ।

(4) सभी पत्तनों, विमानपत्तनों, भू-सीमा शुल्क गृहों, अंतर्देशीय आधान डिपो पर सभी आयातित माल की निकासी के लिए, जोन इकाई अथवा विकासक, जैसा भी मामला हो, को निम्नलिखित प्रक्रियाओं का अनुपालन करना होगा,अर्थात:-

(i) जोन इकाई अथवा विकासक, जैसा भी मामला हो, को घरेलू खपत हेतु पांच प्रतियों में प्रविष्टि पत्र दायर करना होगा जिसमें, पूर्ण ब्यौरा मॉडल, प्रकार, विनिर्देश, माल के आयात का प्रयोजन जैसे कि व्यापार, विनिर्माण , माल का स्वरुप जैसे कि पूंजीगत माल, कच्चा माल, पुर्जे, उपभोज्य, जिसमें लदान बिल अथवा विमान बिल, बीजक, पैकिंग सूची और खरीद आदेश और जोन में प्रविष्टि पत्र की नोटिंग के लिए ठेका सहित विशेष आर्थिक जोन कार्गो के रुप में विशेष रुप से स्टाम्प लगाया गया पृष्ठांकन हो ;

(ii) आगम पत्र का जोन में सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा निर्धारण किया जाएगा ;

(iii) निर्धारित आगमन- पत्र को आयात के स्थान जैसे कि पत्तन, विमानपत्तन,भू-सीमा शुल्क गृह,अंतर्देशीय आधान डिपो पर सीमा शुल्क के उप आयुक्त अथवा सीमा शुल्क के सहायक आयुक्त, जैसा भी मामला हो,(जिसे इसमें इसके'बाद समुचित अधिकारी कहा गया है) को प्रस्तुत किया जाएगा और इसे जजोन के माल के स्थानातरण के लिए अनुमति के रुप में माना जाएगा ;

(iv) सीलबंद फुल कंटेनर लोड के मामले में सीमा शुल्क सुरक्षा के बगैर, सील के सत्यापन के पश्चात निर्धारित आगमपत्र के आधार पर माल को जोन में स्थानांतरित किया जाएगा ;

(v) अन्य कार्गो के मामले में, माल को जोन इकाई द्वारा दिए गए विकल्प के आधार पर सीमा शुल्क सुरक्षा के अन्तर्गत अथवा वाहनान्तरण प्रक्रिया के अन्तर्गत निर्धारित आगम-पत्र के आधार पर जोन में स्थानांतरित करने की अनुमति दीजानी चाहिए और ऐसे वाहनान्तरण के लिए किसी अलग दस्तावेज को दायर करने की आवश्यकता नहीं होगी और वाहनान्तरण अनुमति की आगम पत्र की पांचवी प्रति पर मुहर लगाई जाएगी ;

(vi) जोन में माल के आगमन पर, फुल कंटेनर लोड कंटेनर के मामले में माल पर लगाई गई सील का सत्यापन किया जाएगा अथवा अन्य मामले में लगाए गए निशानों और पैकेजों की संख्या का सत्यापन किया जाएगा और ऐसे सत्यापन के पश्चात् यदि सब सही पाया गया तो ऐसे प्राप्त माल को जोन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी;

(vii) जोन इकाई, जोन के सीमा शुल्क अधिकारियों के पृष्ठांकित किये हुए आगम पत्र की पांचवी प्रति को विमानपत्तन,पत्तन, अंतर्देशीय आधान डिपो, भू सीमा शुल्क गृह,डाक-घर, सार्वजनिक अथवा निजी बांडिड भांडागार जैसा भी मामला हो के प्रभारी समुचित अधिकारी को ऐसे विमानपत्तन,पत्तन,अंतर्देशीय आधान डिपो, भू सीमा शुल्क गृह, डाक-घर, सार्वजनिक अथवा निजी बांडिड भांडागार, जैसा भी मामला हो, से माल की निकासी की तारीख से पैंतालीस दिन की अवधि के भीतर प्रस्तुत करेगी कि जोन में माल प्राप्त हो गया है और जिसके न होने पर,ऐसे विमानपत्तन, पत्तन, अंतर्देशीय आधान डिपों, भू-सीमा शुल्क गृह, डाक-घर, सार्वजनिक अथवा निजी बांडिड भांडागार, जैसा भी मामला हो, का प्रभारी समुचित अधिकारी जोन इकाई से शुल्क की मांग उठाते हुए जोन पर क्षेत्राधिकार रखने वाले समुचित अधिकारी को लिखेगा ।

(viii) यदि माल को कार्यकारी घंटों के दौरान लाया जाता है तो उसी दिन और यदि माल ने कार्यकारी घंटों के बाद लाया जाता है तो तुरंत अगले कार्यकारी दिन जोन इकाई को जोन के समुचित अधिकारी से माल का सांकेतिक प्रभार बाहय प्राप्त करना अपेक्षित होगा ;

(ix) जहां माल को जोन इकाई अथवा विकासक द्वारा कूरियर के जरिए आयात किया जाता है, जोन में सीमा शुल्क अधिकारी कूरियर आयात एवं निर्यात (निकासी) विनियम, 1998 के अनुसार माल का निर्धारण करेंगे।

(5) जोन इकाई अथवा विकासक द्वारा आयातित माल की विस्तृत जांच नहीं की जाएगी, केवल उस मामले को छोड़कर जहां पूर्व आसूचना अथवा सूचना अथवा आकस्मिक निरीक्षण की संभावना हो।

(6) जहां माल को डाक द्वारा आयात किया गया हो, जोन इकाई अथवा विकासक, उप-विनियम(4) में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए निम्नलिखित शर्तोंके अध्यधीन जोन में सीमा शुल्क अधिकारियों के पास आगम-पत्र दायर करेगा जिस पर स्पष्ट रुप से " डाक द्वारा आयात " लिखा होगा, अर्थात् :-

(i) आगम पत्र के प्रयोजनार्थ, डाक-घर द्वारा जारी सूचना-पत्र में इंगित डाक-घर पंजीकरण संख्या को आगम-पत्र के आयात सामान्य मालसूची और मद संख्या के रुप में लिया जाएगा ;

(ii) डाक-घर से प्राप्त सूचना पत्र की प्रति को मूल आगम-पत्र के पीछे भी चिपकाया जाएगा ;

(iii) यदि ज़ोन विदेशी डाकघर से दूर हो, तो माल को ऐसे डाकघर से ज़ोन तक सीमा शुल्क मार्गरक्षी अथवा डाक प्राधिकारियों की निगरानी में ले जाया जाए।

5. रत्न एवं आभूषण यूनिट द्वारा निजी वाहन के जरिये माल का आयातः

(1) विनियम 4 में निहित किसी बात के बावजूद रत्न एवं आभूषण के विनिर्माण एवं आयात में संलग्न ज़ोन यूनिट को निजी असबाब के जरिये कीमती माल-- नामतः सोना, चांदी, प्लेटिनम, रत्न एवं आभूषण का आयात करने की अनुमति दी जाए, बशर्ते कि निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाए, नामत :

(i) कीमती माल को लाने वाले यात्री द्वारा हवाई अड्डे पर आगमन कक्ष में सीमा शुल्क प्राधिकारियों के समक्ष संबंधित हवाई अड्डे के प्रभारी सीमा शुल्क आयुक्त द्वारा विनिर्दिष्ट घोषणा प्रपत्र में माल का खुलासा किया जाए और उसके साथ ही ज़ोन के सीमा शुल्क अधिकारियों को प्रज्ञापन (इंटिमेशन) की एक विधिवत पावती प्रति भी जमा कराई जाए;

(ii) यात्री द्वारा माल को यथोचित तरीके से पैक करके उस पर प्राप्त करने वाले ज़ोन यूनिट के नाम और पते का उल्लेख करके और उसके साथ बीजक तथा पैकिंग सूची संलग्न करते हुए संरोध रसीद (डिटेंशन रिसीट) प्राप्त करके सीमा शुल्क अधिकारियों को भांडागार में संरोध (डिटेंशन)के लिए सौंप दिया जाए।

(iii) सीमा शुल्क अधिकारी द्वारा माल का संरोध किया जाए और वजन, शुद्धता और छड़ों की संख्या, यूनिट का नाम, यात्री का पासपोर्ट नंबर और आपूर्तिकर्ता का नाम, आदि का पूरा ब्यौरा देते हुए संरोध रसीद जारी किया जाए;

(iv) ज़ोन यूनिट द्वारा बीजक की एक प्रति, पैकिंग सूची, ज़ोन के सीमा शुल्क अधिकारियों के समक्ष की गई घोषणा सहित पांच प्रतियों में आगम पत्र दायर किया जाए और ऐसे मामलों में यात्री के आगमन के समय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा जारी संरोध रसीद संख्या को आयात सामान्य माल-सूची और मद संख्या मानी जाए;

(v) आगम पत्र के मूल्यांकन के बाद आगम पत्र की मूल प्रति ज़ोन के सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा रख ली जाए और बाकी प्रतियां ज़ोन यूनिट के प्रतिनिधि को हवाई अड्डे के संरोध काउन्टर पर प्रस्तुत करने के लिए सौंप दी जाए, जहां मूल संरोध रसीद और ज़ोन यूनिट से प्राधिकार लेकर तथा भाण्डागार पंजिका और संरोध रसीद पंजिका में आगम दर्ज करके और ज़ोन यूनिट के प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर लेने के बाद माल को निकासी की अनुमति दे दी जाए;

(vi) माल निकल जाने के बाद माल को सीमा शुल्क मार्गरक्षी की निगरानी में जोन तक ले जाया जाए और पैकेज के निशान और संख्या का सत्यापन हो जाने तथा जोन के सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा सांकेतिक "प्रभार-बाह्य" दे दिए जाने के बाद माल को जोन यूनिट में प्रवेश कराने की अनुमति दी जाए;

(vii) हवाई अड्डे पर इस प्रकार संरोध किए गए माल को उस जोन पर क्षेत्राधिकार रखने वाले सीमा शुल्क आयुक्त द्वारा अनुमोदित किसी प्राधिकारी अथवा एजेंसी के द्वारा ढुलाई करने की अनुमति भी दे दी जाए ।

6. **डाटा कम्यूनिकेशन अथवा टेलीकम्यूनिकेशन लिंक के जरिए आयातः**

(1) जोन यूनिट द्वारा डाटा कम्प्यूनिकेशन अथवा टेलीकम्यूनिकेशन लिंक के जरिए कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का आयात किए जाने की स्थिति में जोन यूनिट इस तरह के आयात के चौबीस घंटे के भीतर बीजक और अन्य संबंधित दस्तावेजों सहित आगम पत्र दायर करेंगे और जोन के सीमा शुल्क अधिकारियों से सांकेतिक "प्रभार बाह्य" प्राप्त करेंगे, बशर्ते निम्नलिखित शर्तें पूरी की जाएं, नामतः-

(i) कम्प्यूटर साफ्टवेयर के इस तरह के आयात से संबंधित बीजक, आदि जैसे दस्तावेज बैंकों के माध्यम से लाए जाएं;

(ii) ऐसे साफ्टवेयर की कीमत का जोन के विकास आयुक्त द्वारा सत्यापन किया जाए;

(iii) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेश, यदि कोई हों, का अनुपालन किया जाए ।

7. **भाण्डागार से प्रापण :**

(1) यदि माल का प्रापण इस अधिनियम की धारा 57 और धारा 58 के तहत नियत अथवा लाइसेंस प्राप्त भांडागार से किया जाए, तो जोन यूनिट द्वारा माल का पूरा ब्यौरा, जैसे कि मॉडल, बनावट, क्रम संख्या, नमूना का उल्लेख करते हुए जोन के सीमा शुल्क अधिकारियों के समक्ष आगम पत्र दायर किया जाए ।

(2) जोन यूनिट द्वारा जोन के सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा मूल्यांकन किए गए विधिवत मूल्यांकित आगम पत्र को उस भाण्डागार के प्रभारी समुचित अधिकारी के समक्ष जमा किया जाए, जहां से जोन यूनिट माल का प्रापण करना चाहता है।

(3) भांडागार के प्रभारी समुचित अधिकारी द्वारा बिना शुल्क भुगतान के जोन यूनिट को आपूर्ति करने के लिए भाण्डागार से बांड-रहित लदान पत्र के कवर पर जोन के सीमा शुल्क अधिकारी द्वारा मूल्यांकित आगम पत्र के आधार पर माल की निकासी की अनुमति दे दी जाए ।

(4) यदि जोन के सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा बांड-रहित लदान पत्र की प्रति पर किए गए पृष्ठांकन के द्वारा पुनः भाण्डागारित करने का प्रमाण पत्र भाण्डागार के प्रभारी समुचित अधिकारी को भाण्डागार से माल की निकासी की तारीख से पैंतालीस दिनों की अवधि के भीतर प्राप्त नहीं होता है, तो उस भाण्डागार के प्रभारी समुचित अधिकारी द्वारा जोन यूनिट को इस तरह की आपूर्ति किए गए ऐसे माल के स्वामी से शुल्क की मांग की कार्रवाई शुरू की जाए।

(5) यदि माल कार्यावधि के दौरान लाया जाता है तो उसी दिन, अथवा यदि माल कार्य अवधि के बाद लाया जाता है तो अगले कार्यदिवस को तुरंत जोन यूनिट द्वारा उस जोन के समुचित अधिकारी से माल का सांकेतिक "प्रभार-बाह्य" प्राप्त कर लिया जाए ।

8. भारत में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी से माल का प्रापणः

विनियम 7 में विहित प्रक्रिया के अनुरूप जोन यूनिट को भारत में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों से माल का प्रापण करने की अनुमति दे दी जाए।

9. माल का पुनः आयात अथवा अदला-बदली अथवा पुनःनिर्यातः

(1) जोन यूनिट को ऐसे माल का पुनः आयात करने की अनुमति दी जाए, जो निर्यात की गई हो और विदेशी खरीदार द्वारा खराब अथवा क्षतिग्रस्त पाई गई हो अथवा खरीदार उस माल की डिलीवरी लेने में विफल रहा हो, बशर्ते वह विनियम 4 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुरूप हो और निम्नलिखित शर्तें पूरी की जाएं, नामतः

(i) पुनः आयात के समय माल की पहचान सुनिश्चित की जाए; और

(ii) माल के निर्यात की तारीख के एक साल की अवधि के भीतर उसका पुनःआयात कर लिया जाए;

(2) यदि जोन यूनिट द्वारा आयात किया गया माल खराब या क्षतिग्रस्त अथवा प्रयोग के लिए अनुपयुक्त पाया जाए और आपूर्तिकर्ता ऐसे खराब या क्षतिग्रस्त अथवा प्रयोग के लिए

अनुपयुक्त माल को बदल देने के लिए राजी हो तो ऐसे निःशुल्क बदले गए प्राप्त माल को विदेशी आपूर्तिकर्ता के भारत में अधिकृत डीलर के जरिये आयात या अदला-बदली के माध्यम से जोन में प्रवेश कराने की अनुमति दे दी जाए, बशर्ते निम्नलिखित शर्तें पूरी की जाएँ, नामतः

(i) ऐसे खराब या क्षतिग्रस्त अथवा प्रयोग के अनुपयुक्त पाए गए माल का बाद में पुनःनिर्यात किया जाए; अथवा

(ii) यदि ऐसे माल का विदेशी आपूर्तिकर्ता उस माल के पुनः निर्यात के लिए जोर नहीं देता, तो उसका पुनःनिर्यात करने पर जोर नहीं दिया जाए बशर्ते उस माल को समुचित अधिकारी की अनुमति से या तो नष्ट कर दिया जाए अथवा शुल्क का भुगतान करके घरेलू टैरिफ क्षेत्र में उसकी निकासी कर दी जाए, जिसका आशय यह माना जाएगा कि घरेलू उपभोग के लिए उसकी निकासी की गई है।

10. घरेलू टैरिफ क्षेत्र से विशेष आर्थिक जोन यूनिट द्वारा माल का प्रापणः

(1) जोन यूनिट अथवा विकासक, जैसी भी स्थिति हो, घरेलू टैरिफ क्षेत्र से प्राधिकृत संकार्य के लिए किसी माल का प्रापण कर सकता है, बशर्ते निम्नलिखित शर्तें पूरी की जाएं, नामतः

(i) जोन यूनिट को माल की आपूर्ति करने वाले घरेलू टैरिफ क्षेत्र यूनिट द्वारा, अथवा उस घरेलू टैरिफ क्षेत्र यूनिट की ओर से जोन यूनिट या विकासक द्वारा, जैसी भी स्थिति हो, एक निर्यात पत्र दायर किया जाए, जिसमें माल का पूरा ब्यौरा, मॉडल, बनावट, नमूना और प्रकृति जैसे कि पूंजीगत माल, कच्चा माल, अतिरिक्त माल, उपभोग्य माल बताते हुए उस पर "विशेष आर्थिक जोन कार्गो" की मुहर का पृष्ठांकन किया जाए और उसके साथ जोन में निर्यात पत्र की नोटिंग और मूल्यांकन के लिए बीजक, पैकिंग सूची तथा खरीद आदेश भी संलग्न किया जाए;

(ii) निर्यात पत्र का जोन के सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा मूल्यांकन किया जाए;

(iii) उस घरेलू टैरिफ क्षेत्र यूनिट पर क्षेत्राधिकार रखने वाले समुचित अधिकारी के पास मूल्यांकित निर्यात-पत्र जमा किया जाए और उसे ही जोन को माल हस्तांतरित करने के लिए अनुमति मानी जाए;

(iv) जोन इकाई अथवा विकासक, जैसा भी मामला हो, को माल की आपूर्ति कर रही घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई को ए आर इ-I के कवर पर और निर्यात के निर्धारित बिल पर माल को हटाने की अनुमति दी जाए जिसमें उनके द्वारा पूर्ण ब्यौरा, मॉडल, बनावट, क्रम संख्या, नमूना आदि दी गई हों;

(v) जोन में इस प्रकार लाए गए माल को निर्यात के निर्धारित बिल और ए आर इ-I की एक प्रति के आधार पर जोन में प्रवेश की अनुमति दी जाए, इस पृष्ठांकन के साथ कि माल को पूरी तरह से जोन में प्रविष्ट करा दिया गया है और उसे घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई पर क्षेत्राधिकार रखने वाले केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधीक्षक को पैंतालीस दिनों के भीतर प्रेषित किया जाए, जिसे न करने पर अधीक्षक घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई के खिलाफ शुल्क की मांग करे;

(vi) जहां घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई अथवा जोन इकाई को ऐसे घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई की ओर से शुल्क प्रतिअदायगी के दावे अथवा शुल्क हकदारी पासबुक योजना के अंतर्गत निर्यात का बिल दायर किया है और घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई शुल्क प्रतिअदायगी अथवा शुल्क हकदारी पासबुक योजना क्रेडिट का दावा करने का इरादा नहीं रखती है, इस आशय का एक अस्वीकरण घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई को दिया जाए ओर घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई द्वारा दिए गए अस्वीकरण के आधार पर जोन इकाई द्वारा शुल्क प्रतिअदायगी अथवा शुल्क हकदारी पासबुक योजना क्रेडिट का दावा किया जा सकता है ;

(vii) जोन में समुचित अधिकारी उसी तरह से निर्यात बिल का निर्धारण करें जैसा कि शुल्क प्रतिअदायगी के दावे अथवा शुल्क हकदारी पास बुक योजना क्रेडिट अथवा अदावा, जैसा भी मामला हो, के अंतर्गत माल के निर्यात के मामले में इसका निर्धारण किया जाता है और संबंधित निर्यात संवर्द्धन योजना के अंतर्गत जारी निर्देश आवश्यक परिवर्तनों सहित ऐसे माल का मूल्यांकन अधिनियम की धारा 14 के अनुसार किया जाए;

(viii) जोन में ऐसे माल के प्रवेश की अनुमति से पहले, जोन के सीमा शुल्क अधिकारी द्वारा ए आर इ-I और निर्यात बिल, बीजक और पैकिंग सूची में दिए गए ब्यौरे, मात्रा, निशान, मॉडल आदि के संबंध में और निर्यात माल के संबंध में बनाए गए परीक्षण मानदण्डों और इस संबंध में बोर्ड द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों के आधार पर भी माल की जांच की जाए।

(ix) घरेलू टैरिफ क्षेत्र यूनिट द्वारा जोन यूनिट अथवा विकासक को शुल्क प्रति-अदायगी अथवा शुल्क पात्रता पासबुक स्कीम क्रेडिट के विरुद्ध ऐसी वस्तुओं की आपूर्ति तभी ग्राह्य होगी जब जोन यूनिट को ऐसी माल की आपूर्ति मुक्त रुप से परिवर्तनीय विदेशी मुद्रा में प्राप्त की जाती है;

(x) निर्यात बिल और इस संबंध में ए आर ई.-I की जोन सीमा शुल्क प्राधिकारियों के पृष्ठांकन की एक प्रति कि जोन में माल पूरी तरह प्राप्त हो चका है, को निर्यात का प्रमाण समझा जायेगा ;

(xi) जहाँ माल को जोन यूनिट द्वारा किसी व्यापारी अथवा मर्चेन्ट निर्यातक से खरीदे जाने का इरादा है, यहां ऊपर उल्लिखित प्रक्रिया निर्यात बिल दायर करने सहित यथा परिवर्तन लागू होगी, इस बात को छोड़कर कि ए आर ई-I कवर के अंतर्गत माल को जोन में लाया जाना अपेक्षित नहीं होगा अथवा मर्चेन्ट निर्यातक के परिसरों से माल को हटाने के लिए निर्यात बिल की निर्धारित प्रति अधिकार क्षेत्र वाले केन्द्रीय उत्पाद प्राधिकारी को प्रस्तुत करनी अपेक्षित नहीं होगी ।

11. निर्यातोन्मुखी उपक्रम अथवा साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट अथवा इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर पार्क यूनिट से वस्तुओं की खरीद-(i) भूल । न कि वैध लिंक जोन यूनिट अथवा विकासक निम्नलिखित शर्तो के अध्यधीन निर्यातोन्मुखी उपक्रम अथवा साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट अथवा इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर यूनिट से पूंजीगत माल अथवा विनिर्मित माल की खरीद भी कर सकते हैं, अर्थात् :-

(i) विनियमन 7 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अधीन निर्यातोन्मुखी उपक्रम अथवा साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट अथवा इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क, जैसा भी मामला हो, जोन यूनिट अथवा विकासक शुल्क मुक्त आयातित अथवा खरीदी गई पूंजीगत माल, जैसा भी मामला हो, का अन्तरण कर सकता है ;

(ii) विनियमन 10 में यथा विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अधीन निर्यातोन्मुखी उपक्रम अथवा साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट अथवा इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर पार्क यूनिट, जैसा भी मामला हो, जोन यूनिट अथवा विकासक को विनिर्मित माल का शुल्क मुक्त अंतरण कर सकता हैं ;

(iii) खण्ड (i) और (ii) के अंतर्गत जोन यूनिट अथवा विकासक द्वारा खरीदे गये माल को जोन में ही प्राधिकृत संकार्य के प्रयोजनार्थ इसका उपयोग किया जायेगा ;

(iv) खण्ड (i) और (ii) के अंतर्गत जोन यूनिट में निर्यातोन्मुखी उपक्रम अथवा साफ्टवेयर पार्क यूनिट अथवा इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट में ऐसे हस्तान्तरित पूंजीगत माल अथवा विनिर्मित माल को सभी उद्देश्यों के लिए जोन यूनिट में आयातित माल समझा जायेगा ।

12. उसी जोन अथवा अलग-अलग जोन में एक जोन यूनिट से दूसरी जोन यूनिट में माल का अंतरण:- एक जोन यूनिट निम्नलिखित शर्तो के अधीन उसी जोन अथवा दूसरे जोन में स्थित दूसरे जोन की यूनिट से माल अर्थात् पूंजीगत माल अथवा विनिर्मित माल खरीद सकती हैं, अर्थात् :-

(i) प्राप्तकर्ता जोन यूनिट घरेलू उपयोग के लिए आगम पत्र चार प्रतियों में दायर करेगा जिसमें पूर्ण विवरण, मॉडल, बनावट, विनिर्दिष्टकरण, माल आयात का उद्देश्य, माल की प्रकृति जैसे पूंजीगत माल, कच्चा माल, अतिरिक्त पुर्जे, उपयोग हेतु, बीजक सहित, जोन के सीमा-शुल्क प्राधिकारियों सहित पैकिंग सूची और ऐसी यूनिट पर क्षेत्राधिकार रखते हो।

(ii) ऐसे मूल्यांकित आगम पत्र के आधार पर ढुलाई के परमिट के अंतर्गत प्राप्तकर्ता जोन यूनिट को माल को हटाने अथवा हस्तांतरित करने की अनुमति होगी ;

(iii) माल की ढुलाई के प्रयोजनार्थ कोई अतिरिक्त दस्तावेज दायर करना अपेक्षित नहीं होगा और ढुलाई अनुमति पर आगम पत्र के समय मुहर लगाई जायगी ।

(iv) आपूर्तिकर्ता जोन यूनिट उचित अधिकारी जो ऐसे आपूर्तिकर्ता यूनिट पर अधिकार क्षेत्र रखते हैं, 45 दिन की अवधि के भीतर पुन: भण्डारण प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेंगे जिसके विफल रहने पर आपूर्तिकर्ता जोन यूनिट के अधिकार क्षेत्र रखने वाले उचित अधिकारी प्राप्तकर्ता जोन यूनिट से शुल्क माँग के लिए अधिकार क्षेत्र रखने वाली प्राप्त कर्ता जोन यूनिट के उचित अधिकारी को लिखेगा ;

(v) खण्ड (i) में निहित किसी वस्तु के होते हुए भी उस मामले में जहाँ आपूर्तिकर्ता और प्राप्तकर्त्ता जोन यूनिट उसी जोन में स्थित हैं, प्राप्तकर्त्ता और आपूर्तिकर्त्ता जोन यूनिट दोनों द्वारा खातों के रख रखाव के अधीन कच्चे माल सहित माल की आवाजाही की अनुमति होगी और जोन में सीमा शुल्क प्राधिकारियों के पास कोई आगम पत्र दायर करना अपेक्षित नहीं होगा।

13. विशेष आर्थिक जोन यूनिट द्वारा माल का निर्यात :-

(1) अनुमति पत्र की शर्तो के अनुसार जोन यूनिट द्वारा विनिर्मित खरीदे गये; रीकन्डीशन्ड, री-इन्जीनियरड, आयातित अथवा खरीदे गये, जैसा भी मामला हो, किसी माल को निम्नलिखित शर्तो के अधीन भारत से बाहर विमानपत्तन अथवा पोर्ट अथवा इनलैंड कन्टेनर डिपो अथवा भू-सीमा-शुल्क स्टेशन के माध्यम से अथवा डाक अथवा कोरियर अथवा निजी वाहन, जैसा भी मामला हो, के द्वारा निर्यात कर सकते हैं; अर्थात् :-

(i) जोन यूनिट माल का पूर्ण विवरण जैसे मॉडल, बनावट, क्रमसंख्या,विनिर्दिष्टकरण सु-संगत दस्तावेज अर्थात बीजक, पैकिंग सूची, नोटिंग के लिए जी आर फार्म (दो प्रतियों में) देते हुए सीमा शुल्क अधिकारियों के पास चार प्रतियों में शिपिंग बिल दायर करेगा ;

(ii) शिपिंग बिल को सामान्य निर्यात के मामले में अनुपालन किये जाने के तरीके और प्रक्रिया जोन के सीमा-शुल्क अधिकारियों द्वारा निर्धारित किया जायेगा ;

(iii) माल की रोजाना जाँच नहीं की जायेगी और निर्यात आदेश को जोन यूनिट द्वारा स्वयं प्रमाणीकरण के आधार पर दिया जा सकता है ;

(iv) खण्ड (iii) में किसी बात के होते हुए जोन से गेटवे पोर्ट को अथवा गेटवे पोर्ट, विमानपत्तन अथवा भू-सीमा शुल्क स्टेशन पर माल के पारगमन के दौरान सीमा-शुल्क अधिकारियों द्वारा बोर्ड द्वारा समय-समय पर विहित किए गए मानदण्डों के अनुसार माल की जाँच कर सकते हैं ;

(2) जोन यूनिट विदेशी डाक कार्यालय के माध्यम से निर्यात के लिए लागू सामान्य प्रक्रिया के अधीन डाक द्वारा माल का निर्यात कर सकती है।

14. साफ्टवेयर यूनिट द्वारा आँकड़े संचार लिंक के माध्यम से अथवा स्थल सेवाओं पर प्रावधान के द्वारा निर्यात :-

(1) साफ्टवेयर सेक्टर में लगी जोन यूनिट को विदेशी मुद्रा प्रबन्धन (माल और सेवाओं का निर्यात) विनियमन, 2000 के अनुसार डैटा लिंक के माध्यम से काल सेन्टर सेवाओं सहित वाया इन्टरनेट, ई-मेल अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यमों के द्वारा और जोन के विकास आयुक्त द्वारा विधिवत प्रमाणित साफ्टक्स फार्म सहित साफ्टवेयर अथवा संसाधित आँकड़े अथवा विश्लेषित आँकड़ों के निर्यात की अनुमति दे सकते हैं, को ऐसे निर्यातों की तारीख से एक महीने की अवधि के भीतर जोन के सीमा शुल्क प्राधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

(2) साफ्टवेयर सहित सेवाओं के निर्यात में लगी जोन यूनिट को संविदा अथवा खरीद आदेश, भेजी गई विदेशी मुद्रा और विदेश में तैनात व्यक्ति के बारे में जोन के सीमा शुल्क अधिकारियों को ब्यौरा प्रस्तुत करने के अधीन विदेश में " स्थल पर " परामर्शदात्री सेवाएं प्रदान करने की अनुमति दे सकते हैं।

(3) जोन यूनिट के द्वारा परिवर्तनीय विदेशी मुद्रा में स्थल पर परामर्शदात्री सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राप्त परामर्शदात्री शुल्क को निवल विदेशी मुद्रा आय के प्रयोजनार्थ निर्यात समझा जायेगा ।

15. व्यक्तिगत वाहन के माध्यम से रत्न और आभूषण के द्वारा निर्यात,-(1) जहाँ जोन यूनिट रत्न और आभूषण के विनिर्माण और निर्यात में लगी है, वहाँ जोन यूनिट को निम्नलिखित शर्तों के अधीन विदेशी से आने वाली यात्री के द्वारा अपने व्यक्तिगत सामान में ले जाने वाले निर्यात माल की अनुमति दे सकते हैं, अर्थात् :-

(i) जोन यूनिट जोन के सीमा शुल्क अधिकारियों के पास बैंक के द्वारा विधिवत प्रमाणित अग्रिम प्रेषण प्रमाणपत्र बीजक जी आर-1 सहित शिपिंग बिल प्रस्तुत करेगी ;

(ii) शिपिंग बिल को सामान्य निर्यात के मामले में किए जाने के ढंग में जोन के सीमा-शुल्क अधिकारियों द्वारा निर्धारित किया जायेगा ;

(iii) माल को सीमा-शुल्क आयुक्त जो जोन के सीमा शुल्क कवच के अंतर्गत जोन पर अधिकार क्षेत्र रखते हैं, द्वारा अनुमोदित प्राधिकृत एजेंसी के द्वारा निर्धारित शिपिंग बिल के कवर के अंतर्गत जोन से विमानपत्तन हस्तान्तरित किया जायेगा ;

(iv) विमानपत्तन पर खेप को सीमा शुल्क अधिकारियों के द्वारा विमानपत्तन पर जारी " संरोध रसीद " के विरुद्ध विमानपत्तन में भण्डारगृह में जमा करा सकेंगे ;

(v) खेप को प्रस्थान के समय मूल संरोध रसीद की प्रस्तुति पर प्राधिकृत यात्री को सुपुर्द करेंगे ;

(vi) जोन यूनिट जोन में जोन से सीमा शुल्क को माल को हटाने की तारीख से सात दिन की अवधि के भीतर निर्यात किए जाने वाले विमानपत्तन पर सीमा शुल्क अधिकारियों को निर्यात साक्ष्य प्रस्तुत करेगी ।

16. अन्तरराष्ट्रीय विमानपत्तनों पर रत्न और आभूषण यूनिट के द्वारा शॉरुमों पर प्रदर्शनी और बिक्री के माध्यम से माल का निर्यात - रत्न और आभूषण के विनिर्माण और निर्यात में लगी जोन यूनिट को सीमा शुल्क आयुक्त जो उस जोन पर अधिकार क्षेत्र रखते है, के द्वारा विहित ऐसी शर्तों और प्रक्रिया के अधीन भारत से जाने वाले यात्रियों की बिक्री हेतु भारत में अन्तर राष्ट्रीय विमानपत्तनों पर प्रस्थान विश्राम कक्ष में स्थापित शॉरुमों में प्रदर्शनी के लिए रत्न और आभूषण लेने की अनुमति होगी ।

17. विदेश में प्रदर्शनी में भागीदारी हेतु निर्यात - (1) जोन यूनिट निर्यात और आयात नीति के संदर्भ में निम्नलिखित शर्तों के अधीन विदेश में प्रदर्शनियों में प्रदर्शनी अथवा भागीदारी के लिए रत्न और आभूषण सहित माल के निर्यात की अनुमति होगी, अर्थात् :-

(i) जोन यूनिट को जोन के विकास आयुक्त जिसमें विदेशमें प्रदर्शनी में भागीदारी हेतु जोन यूनिट को अनुमति दी गई हो, से अनुमति प्राप्त करेंगे ;

(ii) संगत दस्तावेजों सहित शिपिंग बिल को सामान्य निर्यात में यथा लागू उसी ढंग और अनुपालन की जाने वाली उसी प्रक्रिया में जोन के सीमा-शुल्क अधिकारियों के पास दायर करेगा ;

(iii) जोन के सीमा शुल्क अधिकारियों के द्वारा माल की जाँच-पड़ताल के बाद अस्थाई आधार पर निर्यात की अनुमति होगी ;

(iv) प्रदर्शनी में बेचे न गये माल को निर्यात और आयात नीति में दी गई ऐसी अवधि के भीतर आयात किया जायेगा;

(v) जोन यूनिट सामान्य आयात के मामलों में यथा-अपेक्षित बेचे न गये माल का प्रविष्टि बिल दायर करेगी और इसे उसी ढंग में और सामान्य आयातित माल के लिए यथा लागू उसी प्रक्रिया के अधीन निर्धारित किया जायेगा ;

(vi) पुनः आयातित माल को साक्ष्यांकित निर्यात दस्तावेजों के संदर्भ में माल की पहचान स्थापित करने और तद्नुसार अस्थाई निर्धारण को अन्तिमरुप देने के अधीन यूनिट में शुल्क मुक्त प्रवेश की अनुमति होगी ;

(vii) विदेश में प्रदर्शनी के दौरान बेचे गए माल के संबंध में जोन इकाई को आंतरिक धन प्रेषण का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा ।

18: कुरियर के माध्यम से निर्यात :-

उन मामलों में जहां जोन इकाई कुरियरों के माध्यम से माल का निर्यात करती है तो ऐसे निर्यात गेटवे एयरपोर्ट पर अधिकार रखने वाले सीमा शुल्क आयुक्त के यहाँ पंजीकृत प्राधिकृत कुरियर के माध्यम से किए जाने की ही अनुमति होगी और कुरियर निर्यात तथा आयात (निपटान) विनियम, 1998 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का इस उद्देश्य के लिए अनुपालन किया जाएगा ।

19. व्यापारी निर्यात के माध्यम से जोन इकाई द्वारा माल का निर्यात :-

जोन इकाई निम्नलिखित शर्तों के अनुसार निर्यात और आयात नीति के अनुसार तीसरे पक्ष के माध्यम से माल का निर्यात कर सकती है अर्थात:-

(i) जोन से माल का सीधे ही निर्यात किया जाएगा ;

(ii) निर्यात दस्तावेज में व्यापारी निर्यातक और जोन इकाई का नाम विहित होगा;

(iii) व्यापारी निर्यातक जोन में शिपिंग बिल के आकलन के समय इस आशय का अस्वीकरण पत्र जमा करेगा कि उसके द्वारा किसी प्रकार का निर्यात लाभ नहीं लिया जा रहा है अथवा लिया जाएगा ।

20. घरेलू टैरिफ क्षेत्र की इकाई के साथ प्लेन आभूषणों की अदला-बदली :-

रत्नों और आभूषणों के निर्माण और निर्यात में लगी हुई जोन इकाई को घरेलू टैरिफ क्षेत्र की रत्न और आभूषण इकाई से प्लेन सोना, चाँदी अथवा प्लेटिनम आभूषणों को प्राप्त करने की अनुमति होगी और उक्त आभूषणों में प्रयुक्त सोना चांदी अथवा प्लेटिनम की समतुल्य मात्रा को उसके बदले में रखाना होगा और शर्त है कि इस प्रकार के आभूषणों के हस्तान्तरण में किसी प्रकार की छीजन अथवा निर्माण की हानि अनुमत्य नहीं होगी तथा जोन में आभूषण मूल्यांकनकर्ता द्वारा बहुमूल्य धातुओं के साथ ही आभूषण का मूल्यांकन करने के पश्चात ही इस प्रकार के हस्तान्तरण की अनुमति दी जाएगी।

21. जोन इकाई से निर्मित और उत्पादित माल को किसी निर्यातोन्मुख उपक्रम या सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट अथवा हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट में हटाना :-

(1) समुचित अधिकारी किसी जोन इकाई को पूँजीगत माल अथवा जोन इकाई द्वारा उत्पादित अथवा विनिर्मित माल की किसी निर्यातोन्मुख उपक्रम अथवा

सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई या इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट, जैसा भी मामला हो, में विर्माण और निर्यात के उद्देश्य के लिए शुल्क का भुगतान किए बिना अथवा निर्यात के लिए अथवा निम्नलिखित शर्तें पूरी करने पर इकाई के अन्दर उपयोग के लिए हस्तान्तरण की अनुमति दे सकता है अर्थात:-

(i) प्राप्तकर्ता निर्यातोन्मुख उपक्रम अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई या इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी इकाई, जैसा भी मामला हो, के समुचित प्रभारी अधिकारी द्वारा जारी किए गए खरीद प्रमाण-पत्र के विरुद्ध जोन इकाई इस प्रकार का हस्तान्तरण करेगी ।

(ii) प्रविष्टि का वेयर हाउसिंग बिल प्राप्तकर्ता निर्यातोन्मुख इकाई अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई या इलैक्ट्रॉनिक हार्डवेयर पार्क यूनिट, जैसा भी मामला हो की ओर से निर्यातोन्मुख इकाई अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई या इलैक्ट्रॉनिक हार्डवेयर पार्क इकाई अथवा आपूर्तिकर्ता विशेष आर्थिक जोन इकाई द्वारा जोन के सीमा शुल्क अधिकारी के पास दायर किया जाएगा ।

(iii) निर्यातोन्मुख उपक्रम अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट या इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई निकासी की तारीख से पैंतालीस दिनों की अवधि के अन्दर प्राप्तकर्ता निर्यातोन्मुख उपक्रम अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क या इलैक्ट्रोनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क यूनिट पर अधिकार रखने वाले समुचित अधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित रि-वेयरहाउसिंग प्रमाण-पत्र जोन में सीमा शुल्क अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा ।

(iv) जहां पर निर्यातोन्मुख उपक्रम अथवा सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई या इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई माल की निकासी के दिन से पैंतालीस दिनों की अवधि के अन्दर रि-वेयरहाउसिंग प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहते हैं तो जोन के सीमा शुल्क अधिकारी ऐसे निर्यातोन्मुख उपक्रम, सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई अथवा इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई, जैसा भी मामला हो, प्राप्तकर्ता इकाई के उचित अधिकारिक अधिकारी के साथ मामला उठाएगें ।

22. घरेलू टैरिफ क्षेत्र में जोन इकाई द्वारा माल की बिक्री :-

(1) जोन इकाई को अधिनियम की धारा 76 च के खण्ड (ख) की शर्तों में सीमा शुल्क के भुगतान पर घरेलू टैरिफ क्षेत्र में अस्वीकृत छीजन, कतरन, अवशेष तथा इस प्रकार के उत्पादन से निकलने वाले सहायक उत्पादों सहित जोन इकाई में विनिर्मित अथवा उत्पादित माल को बेचने की अनुमति होगी ।

(2) व्यापारिक कार्यकलापों में लगी हुई जोन इकाई को अधिनियम की धारा 76 च के खण्ड (ख) के अंतर्गत शुल्क के भुगतान पर घरेलू टैरिफ क्षेत्र में आयातित अथवा देश में ही खरीदे गए मालों को बेचने की अनुमति दी जाएगी बशर्ते कि जोन इकाई ने घरेलू टैरिफ क्षेत्र में बिक्री करते समय संयमी रुप से सार्थक शुद्ध विदेशी मुद्रा अर्जित की हो और माल की ऐसी बिक्री उस सीमा तक अनुमत्य होगी कि यूनिट की अर्जित शुद्ध विदेशी मुद्रा यथावत रुप से सार्थक बनी रहेगी।

(3) जोन इकाई से माल खरीदने का आशय रखने वाली घरेलू टैरिफ क्षेत्र इकाई को घरेलू खपत के लिए माल के सम्पूर्ण विवरण अर्थात प्रकार, मॉडल नम्बर, क्रम संख्या, विनिर्दिष्ट सहित बीजक और पैंकिग की सूचा वाली प्रविष्टि का बिल जोन के सीमा शुल्क अधिकारियों के पास फाइल करने की आवश्यकता पडेगी ।

(4) खण्ड (4) में कुछ भी विहित होने के बावजूद घरेलू खपत के लिए प्रविष्टि का बिल घरेलू टैरिफ क्षेत्र में स्थित क्रेता द्वारा अनुमोदन के आधार पर जोन इकाई द्वारा भी फाइल किया जाना चाहिए।

(5) घरेलू टैरिफ क्षेत्र में निपटान किए गए मालों के मूल्यांकन का निर्धारण अधिनियम की धारा 14 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार किया जाएगा ।

(6) जहां पर जोन इकाई द्वारा घरेलू टैरिफ क्षेत्र से खरीदे गए माल को उसी रुप में अथवा पर्याप्त प्रक्रिया के बिना घरेलू टैरिफ क्षेत्र को वापस आपूरित किया गया हो, ऐसे माल को पुन: आयातित माल के रुप में माना जाएगा और इस प्रकार की खरीद पर वही प्रक्रिया और शर्तें लागू होंगी जोकि भारत के बाहर से सामान्य रुप से पुन: आयात किए जाने वाले माल के मामले में लागू होती हैं ।

(7) जहां पर जोन इकाई के पास अपने कारखानागत उर्जा संयंत्र अथवा डीजल जेनरेटिंग सेट से अधिशेष उर्जा को विद्युत के उत्पादन में प्रयुक्त खपत योग्य और कच्ची सामग्रियों पर शुल्क के भुगतान पर घरलु टैरिफ क्षेत्र को हस्तान्तरित किए जाने की अनुमति दी जानी चाहिए ताकि निम्नलिखित शर्तो के आधार पर अनुमोदन बोर्ड की स्वीकृति के आधार पर प्रयूक्त कच्ची सामग्री और खपतयोग्य पदार्थें की गई गणना को शर्तो के आधार पर बेचा जा सके अर्थात :-

(i) विकास आयुक्त कार्यालय में प्राप्त अधिशेष विद्युत की ब्रिी के प्रस्ताव पर उस राज्य के राज्य विद्युत बोर्डों सहित संबंधित राज्य सरकार के साथ परामर्श करके जाँच-पडताल की जाएगी ;

(i) विकास आयुक्त कार्यालय में प्राप्त अधिशेष विद्युत की ब्रिी के प्रस्ताव पर उस राज्य के राज्य विद्युत बोर्डों सहित संबंधित राज्य सरकार के साथ परामर्श करके जाँच-पडताल की जाएगी ;

(ii) विद्युत इकाई के उत्पादन के मानदण्डों जिन्हें कि अंतिम रुप दिया जाना है विचार-विमर्श हेतु अनुमोदन बोर्ड के पास जमा कराए जाने चाहिए ।

(iii) उसी जोन की अन्य इकाई अथवा अचजोन अथवा अन्य निर्यातोन्मुख उपक्रम को अथवा इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई को अथवा अन्य सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई को बेची जाने वाली विद्युत और अधिशेष विद्युत की बिक्री के मामले में जैसा भी मामला हो, उपर्युक्त को शुल्क के भुगतान के बिना देने की अनुमति होगी:

बशर्ते कि विद्युत उत्पादन के लिए प्रयुक्त उपभोज्य मात्रा और कच्ची सामग्री जिसे कि अन्य विशेष आर्थिक क्षेत्र इकाई अथवा निर्यातोन्मुख उपक्रम,इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई अथवा सॉफटवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई, जैसा भी मामला हो, में हस्तान्तरित किया गया हो तथा शुद्ध विदेशी मुद्रा अर्जन की गणना के लिए आपूर्ति करने के साथ ही प्राप्तकर्ता इकाइयों के प्रति उत्तरदायी अनुमोदन बोर्ड द्वारा यथा निर्धारित और अनुमोदित किया गया हो ।

23. रत्न और आभूषण जोन इकाई द्वारा स्क्रैप और कतरनों को हटाना :-(1) रत्न और आभूषणों के निर्माण और निर्यात में संलग्न जोन इकाई को अपनी इस इकाई में उत्सृजित सोने अथवा चाँदी या प्लेटिनम स्क्रैप, डस्ट अथवा स्वीपिंगों को इस संबंध में सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा निर्धारित की गई प्रक्रिया को अपनाने के बाद जोन में वापस लौटाने हेतु मानक सोने की छड़ों में परिवर्तित करने के लिए सरकार अथवा निजी टकसाल में भेजे जाने की अनुमति होगी ।

(2) अधिनियम की धारा 76 च के खण्ड (ख) के प्रावधान के अनुसार सोने अथवा चाँदी या प्लेटिनम डस्ट, स्क्रैप या स्वीपिंगों को उक्त स्क्रैप डस्ट या स्वीपिगों में सोने अथवा चाँदी या प्लेटिनिम की मात्रा पर शुल्क का भुगतान करने पर घरेलु टैरिफ क्षेत्र में निकासी करने की भी अनुमति दी जानी चाहिए :-
बशर्ते कि इस प्रकार के सोने अथवा चाँदी अथवा प्लेटिनम स्वीपिगों, स्क्रैप अथवा डस्ट के नमूने निकासी के समय किए जाएगें और आकलन के लिए सरकारी अथवा निजी टकसाल में भेजा जाएगा तथा सरकारी अथवा निजी टकसाल ,जैसा भी मामला हो से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर अंतिम आकलन किया जाएगा ।

24. शुल्क का भुगतान किए बिना विशिष्ट उददेश्यों के लिए घरेलू टैरिफ क्षेत्र में किसी जोन इकाई द्वारा माल को अस्थाई रुप से हटाना:-

(1) अनुमति मंजूरी मिलने और समुचित अधिकारी द्वारा लगाई गई कुछ शर्तों को पूरा करने के बाद जोन इकाई को घरेलू टैरिफ क्षेत्र में परीक्षण या मरम्मत या आंशिक शोधन या पुन: इंजीनियरी या पुन- अवस्था में लाने के उद्देश्य के लिए शुल्क का भुगतान किए बिना अस्थाई रुप से घरेलू टैरिफ क्षेत्र में आयात अथवा पूंजीगत माल की खरीद सहित निर्मित अथवा उत्पादित माल को हटाने की अनुमति होगी :-

इसके अतिरिक्त यह भी व्यवस्था है कि माल को जोन से बाहर ले जाने की तारीख से पैंतालीस दिनों की अवधि के अन्दर जोन में वापस लाना होगा ।
यह भी व्यवस्था है कि यदि जोन का उचित अधिकारी यदि यह उचित समझाता है तो पैंतालीस दिनों की उक्त अवधि को 2 महीने की और आगे की अवधि तक बढ़ा सकता है ।

2. यदि जोन इकाई उप-विनियमन (i) में विनिर्दिष्ट अवधि के अन्दर जोन में माल वापस लाने में असफल रहती है तो अधिनियम की धारा 76 च के खण्ड (ख) के प्रावधान की शर्त के अनुसार इस प्रकार के माल पर देय शुल्क को जोन इकाई अदा करेगी ।

3. उप-विनियमन (1) और (2) के प्रावधान की शर्त के अनुसार जोन इकाई को अथवा मरम्मत अथवा आंशिक शोधन अथवा पुन: इंजीनियरी अथवा पुन: अवस्था में लाने के उद्देश्य के लिए उसी जोन में स्थित अन्य इकाई अथवा अन्य जोन में, अथवा निर्यातोन्मुख उपक्रम इकाई अथवा इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाई अथवा सॉफटवेयर प्रोद्योगिकी पार्क इकाई, जैसा भी मामला हो,से पूंजागत माल सहित माल को लेने की अनुमति होगी ।

4. सॉफटवेयर या अन्य के विकास में लगी जोन इकाई को उस इकाई के प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा उपयोग करने के लिए लेपटाप कम्प्यूटर और विडियो प्रोजेक्शन प्रणाली को अस्थाई तौर पर जोन से बाहर ले जाने की अनुमति उचित अधिकारी द्वारा दी जाएगी बशर्ते कि वह निम्नलिखित प्रक्रिया को पूरा करती हो, अर्थात:-

I. जोन यूनिट, आयात अथवा स्थानीय प्राप्ति के पश्चात अपनी मांग सूची में लेपटोप अथवा वीडियो प्रक्षेपण का लेखा-जोखा रखेगी ।

II. जोन यूनिट, अस्थायी रुप से बद्ध क्षेत्र के बाहर ले जाए जाने के लिए अभिप्रेत लेपटॉप कम्प्यूटरों और वीडियो प्रक्षेपण प्रणाली के पूरे विनिर्देशन अर्थात क्रमांक, मॉडल संख्या, निर्माण आदि का विवरण देते हुए किसी कर्मचारी को नाम से प्राधिकृत करते हुए एक प्रमाण-पत्र जारी करेगा और उस प्रमाण-पत्र की प्रतिलिपि प्रभारी अधिकारी को पृष्ठांकित की जाएगी और प्राप्ति सूचना यूनिट द्वारा प्राप्त की जाएगी ।

III. ज़ोन यूनिट को अस्थायी रुप से लेपटॉप कम्पयूटरों अथवा वीडियो प्रक्षेपण प्रणाली को ऐसे यूनिट से बाहर ले जाने अथवा लाने के लिए खंड (ii) के अंतर्गत प्राधिकरण के ऐसे प्रमाण-पत्र का रिकार्ड रखना अपेक्षित होगा और यह रिकार्ड उस जोन पर क्षेत्राधिकार वाले सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किए जाने के समय उपलब्ध कराया जाएगा ।

(5) ऐसी शर्त के अध्यधीन जो प्रभारी अधिकारी विनिर्दिष्ट कर सकता है और ऐसी प्रक्रिया के अध्यधीन जिसका उल्लेख समय-समय जोन के सीमा शुल्क आयुक्त द्वारा किया जा सकता है, क्षेत्र यूनिट को घरेलू टैरिफ क्षेत्र में निर्मित अथवा उत्पादित माल की सीमित मात्रा को शुल्क का भुगतान किए बिना प्रदर्शन, बाजार प्रोत्साहन, निर्यात प्रोत्साहन, प्रदर्शनी के प्रयोजन से ऐसे प्रभारी अधिकारी अथवा सीमा शुल्क आयुक्त, जैसी भी मामला हो, द्वारा यथाविनिर्दिष्ट समयावधि के अंतर्गत ले जाने अथवा वापिस लौटाने की अनुमति दी जाएगी ।

बशर्ते प्रभारी अधिकारी द्वारा इस आशय का यथाविनिर्दिष्ट अवधि के अंतर्गत क्षेत्र में माल वापिस लाने के लिए ज़ोन यूनिट की चूक के मामले में, ज़ोन यूनिट अधिनियम की धारा 76एफ के खंड (ख) के उपबंधों के अंतर्गत ऐसे माल पर प्रयोज्य शुल्क का भुगतान करेगा ।

25. ज़ोन यूनिट द्वारा घरेलू टैरिफ क्षेत्र अथवा विदेश में उत्पादन अथवा उत्पादन प्रक्रिया की उप-संविदा-(1) क्षेत्र यूनिट निवेश, अर्ध-निर्मित अथवा अर्ध-संसाधित माल समेत माल को उजरती कामगारों के परिसरों तक माल के आगे संसाधन अथवा उत्पादन के लिए शुल्क अदा किए बिना माल को ले जाने की अनुमति दी जाएगी बशर्ते वे निम्नलिखित शर्तें पूरी करते हों, अर्थात:-

(i) ज़ोन यूनिट उजरती कामगार का नाम और पता, उजरती कामगार का केन्द्रीय उत्पाद शुल्क पंजीकरण संख्या, यदि वे केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग से पंजीकृत हैं, उजरती कामगार की क्षमता, उजरती कामगार द्वारा किए जाने वाले संसाधन के विवरण, बद्ध परिसरों के बाहर माल के

संसाधन की औचित्यता और अन्य कोई भी संगत सूचना वाला आवेदन माल को आगे संसाधित करने अथवा उत्पादन करने के लिए प्रभारी अधिकारी को फाइल करेगा ।

(ii) प्रभारी अधिकारी, आवेदन की जांच करने के पश्चात और क्षेत्र यूनिट की वास्तविक अपेक्षा के संबंध में स्वयं तुष्ट होने के पश्चात, उजरती कार्य के लिए अनुमति प्रदान कर सकता है और ऐसी अनुमति आम तौर पर एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होगी । तथापि, उजरती कार्य के लिए भेजी जाने वाली वस्तुओं की संवेदनशील प्रकृति और क्षेत्र यूनिट के पिछले रिकार्ड पर विचार करते हुए एसी अनुमति एक वर्ष की उपर्युक्त अवधि से कम हो सकती है ।

बशर्ते कि रत्न और जवाहरात के विनिर्माण और निर्यात में लगी क्षेत्र यूनिट के मामले में कोई गढ़ाई और पॉलिश किए गए हीरे, कीमती पत्थर और कम मूल्यवान पत्थरों को जोन के बाहर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

(iii) ज़ोन यूनिट के आवेदन पर विचार करते समय, उपर्युक्त यूनिटों द्वारा निर्यात उत्पादों के विनिर्माण के संबंध में सम्पूर्ण संसाधित कार्यकलापों का अध्ययन किया जा सकता है और प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित कर सकता है कि बद्ध परिसरों के बाहर विनिर्माण प्रक्रिया का कोई प्रयास नहीं किया गया ।

(iv) जोन यूनिट के परिसरों से बाहर उजरती कार्य के आधार पर किए जाने के लिए अनुमत कार्यकलापों के संबंध में उजरती कार्य के पश्चात प्राप्त तैयार माल की साम्यता कच्चे माल अथवा उसके संघटकों से पुष्ट की जाएगी, अथवा आंशिक तौर पर संसाधित माल को यह सुनिश्चित करने के लिए भेजा जाएगा कि तैयार माल का विनिर्माण यूनिटों द्वारा आयातित अथवा नि:शुल्क प्राप्त किए गए कच्चे माल से किया जाता है अथवा इसे शुल्क पुन: अदायगी के दावे के अंतर्गत अथवा क्षेत्र यूनिट में शुल्क पात्रता पास बुक स्कीम जमा के अंतर्गत स्वीकृत किया जाता है और घरेलू टैरिफ क्षेत्र में ऐसे माल का कोई प्रतिस्थापन अथवा हस्तांतरण नहीं हुआ है ।

बशर्ते कि रत्न और जवाहिरात के विनिर्माण और निर्यात में लगे ज़ोन यूनिट के मामले में नमूनों को बाहर ले जाने अथवा उसे सुरक्षित रखने की कोई आवश्यकता नहीं होगी यदि ऐसे माल का मूल्यांकन उजरती कार्य के पूरा होने के पश्चात् जवाहिरात के पारखी द्वारा

जोन से ऐसे माल को बाहर ले जाते समय अथवा जोन में माल को वापिस प्राप्त करते समय किया गया हो ।

बशर्ते यह भी कि जहां बारीकी, शुद्धता, निर्माण, क्रमांक से संबंधित चिन्ह वाले सोना-चांदी के रुप में मूल्यवान धातु, उजरती कार्य के लिए जोन से बाहर ले जाई जा रही है, वहां जेवरों के पारखी द्वारा मूल्यांकन किया जाना अनिवार्य नहीं होगा ।

(v) घरेलू टैरिफ क्षेत्र में उजरती कार्य के लिए माल भेजने वाले जोन यूनिट को प्रभारी अधिकारी को सूचना देनी अपेक्षित होगी और उजरती कार्य के लिए भेजे गए माल का नमूना निकाल लिया जाएगा और जोन के प्रभारी अधिकारी के कार्यालय में रखा जाएगा ।

(vi) उजरती कार्य के पश्चात जोन यूनिट में माल के प्राप्त होने पर, जोन के सीमाशुल्क अधिकारी वापिस माल की साम्यता नमूने को ले जाए जाने के समय उनके द्वारा रखे गए नमूने से पुष्ट करेंगे और जोन को वापिस किए गए संसाधित माल का नमूना 6 माह की अवधि के लिए रिकार्ड के उद्देश्य से रखा जाएगा और दोनों ही नमूने जोन यूनिट से स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात जोन यूनिट को लौटा दिए जाएंगे ।

